Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 10 नवंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 43

## महत्वपूर्ण एवं खास

### वाराणसी : गोली लगने के बाद सब-इंस्पेक्टर की हालत गंभीर

**वाराणसी (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के रोहनिया थाना क्षेत्र के जगतपुर इलाके में तीन बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर सब-इंस्पेक्टर को गंभीर रूप से घायल कर दिया। 2015 बैच के पुलिस सब-इंस्पेक्टर अजय यादव को सीने में गोली लगी थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हमलावर यादव की सर्विस पिस्टल और पर्स लूट कर फरार हो गए। जिले की सीमा सील करने के बाद बड़े पैमाने पर चेकिंग अभियान चलाया गया, जबकि आसपास के जिलों में पुलिस अधिकारियों को भी अलर्ट कर दिया गया। पुलिस आयुक्त सतीश गणेश ने कहा, यादव, वर्तमान में लक्सा थाने में तैनात है, वह उस समय वहां मौजूद थे, जहां उसका घर बनाया जा रहा था और तभी तीन बदमाशों ने उस पर गोलियां चलाईं। यादव को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और पुलिस आयुक्त ने कहा कि उनकी हालत गंभीर है। कमिश्नरेट और वाराणसी ग्रामीण जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया। पुलिस हमलावरों की पहचान करने और हमले के पीछे के मकसद का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### नोएडा में डॉक्टर ने किया महिला का रेप, गिरफ्तार

**नोएडा (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा के थाना फेस 2 पुलिस ने महिला के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी डाक्टर को गिरफ्तार किया है। थाना फेस 2 पुलिस ने अभियुक्त डा सचिन कुमार को सेक्टर 92 के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता अपनी बीमारी का इलाज करवाने अभियुक्त के क्लीनिक भंगेल आई थी। इलाज के दौरान अभियुक्त ने महिला के साथ छेड़ख़ानी करते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद पीड़िता ने इसकी शिकायत थाने में की। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। डा सचिन कुमार जनपद सहारनपुर का रहने वाला है और नोएडा में आम्रपाली सफायर सैक्टर 45 में रहता है।

### जी20 में विश्व नेताओं को हिमाचल की कला, हस्तशिल्प वस्तुएं भेंट करेंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंडोनेशिया में आगामी जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान विश्व नेताओं को हिमाचल प्रदेश की कई विशिष्ट कलात्मक और हस्तशिल्प वस्तुएं भेंट करेंगे। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इससे हिमाचल प्रदेश की कला एवं संस्कृति का विश्व भर में प्रसार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विभिन्न विश्व नेताओं को चंबा के 'रूमाल, कांगड़ा के लघु चित्र, किन्नौर के शॉल, कुल्लू के शॉल तथा पीतल का सामान उपहार स्वरूप देंगे। उन्होंने कहा कि इससे हिमाचल प्रदेश की कला एवं संस्कृति विभिन्न देशों तक पहुंचेगी। जी20 देशों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। जी20 शिखर सम्मेलन 15 और 16 नवंबर को बाली में हो रहा है तथा प्रधानमंत्री मोदी इसमें भाग लेंगे।

## तीन देशों में भूकंप, पंजाब-हिमाचल सहित भारत के 8 राज्यों में कांपी धरती- नेपाल में 6 की मौत



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत-चीन और नेपाल में मंगलवार की देर रात करीब 2 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता 6.3 रिएक्टर स्केल मांपी गई। वहीं भारत में दिल्ली, यूपी, बिहार, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कई शहरों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र नेपाल था। ऐसे में सबसे ज्यादा तबाही की खबरें नेपाल से ही सामने आ रही हैं। यहां भूकंप के चलते घर गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बुधवार सुबह 6.27 बजे फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए।

भारत में नेपाल सीमा से सटे उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के पास सबसे तेज 6.3 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसके साथ ही पूरे उत्तर भारत में भी भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र पिथौरागढ़ से लगभग 90 किमी दूर नेपाल में था।

भारत में दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां तक कि लखनऊ में भी झटकों ने लोगों की नींद उड़ा दी। स्त्रस् के मुताबिक, भूकंप का केंद्र नेपाल में दिपायल से 21 किमी दूर था। यहां मंगलवार देर शाम को भी दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उनकी तीव्रता 4.9 और 3.5 थी। इससे पहले उत्तराखंड में रविवार शाम को भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

नेपाल में भूकंप से सबसे ज्यादा नुकसान की खबर है। यहां के डोटी में भूकंप के झटकों से एक मकान गिर गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि 5 लोग घालय हो गए। डोटी में 6.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। मरने वालों में एक ही परिवार के 3 लोग शामिल हैं। भूकंप में घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेपाल में सेना राहत और बचाव कार्य में जुट गई है।

नेपाल के पीएम शेर बहादुर देउवान ने भूकंप की वजह से हुए नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट किया, भूकंप में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने संबंधित एजेंसियों को प्रभावित क्षेत्रों में घायलों और पीड़ितों के तत्काल और उचित इलाज की व्यवस्था कराने के निर्देश दे दिए हैं।

गृह मंत्रालय के कंट्रोल रूम ने भूकंप वाले राज्यों से जानकारी हासिल की है। अभी तक दिल्ली- एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से किसी भी तरीके के जानमाल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। गृह मंत्रालय लगातार राज्यों से संपर्क में है।

## जस्टिस धनंजय वाई. चंद्रचूड़ ने भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में ली शपथ

**❑ कहा-हर तरह से नागरिकों का ध्यान रखूंगा**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जस्टिस धनंजय वाई. चंद्रचूड़ ने भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप से बुधवार को पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। उन्होंने जस्टिस उदय उमेश ललित की जगह ली है, जिनका कार्यकाल 8 नवंबर को पूरा हुआ। जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर, 2024 तक 2 साल के लिए सीजेआई रहेंगे। राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद देश के 50वें सीजेआई उच्चतम न्यायालय परिसर में पहुंचे तथा महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के लोगों की सेवा करना उनकी 'प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, 'आम जनता की सेवा करना मेरी प्राथमिकता है। कृपया भरोसा रखें, मैं देश के सभी नागरिकों के लिए काम करूंगा। चाहे प्रौद्योगिकी हो या रजिस्ट्री हो...या न्यायिक सुधार हो, मैं हर मामले में नागरिकों का ध्यान रखूंगा। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका का नेतृत्व करना 'बहुत बड़ा अवसर और जिम्मेदारी है। यह पूछने पर कि वह न्यायपालिका में लोगों के विश्वास को कैसे बनाए रखेंगे, इस पर सीजेआई ने कहा, 'मैं न केवल शब्दों में बल्कि अपने काम से नागरिकों के बीच विश्वास सुनिश्चित करूंगा।

## सीबीआई ने 87.88 करोड़ रुपये के कर्ज धोखाधड़ी मामले में 2 को किया गिरफ्तार




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बुधवार को कहा कि 87.88 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी मामले में उसने दो व्यक्तियों अनिल कुमार और प्रवीण कुमार को गिरफ्तार किया है, जो जम्मू-कश्मीर के कठुआ स्थित भारत पेपर्स लिमिटेड के तत्कालीन निदेशक थे। एक अधिकारी ने कहा कि एसबीआई, एसएएम शाखा, लुधियाना की शिकायत पर भारत पेपर्स लिमिटेड और उसके एमडी, निदेशकों सहित अन्य के खिलाफ 2020 में मामला दर्ज किया गया था।

आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने 2006 से 2019 की अवधि के दौरान एसबीआई के अज्ञात अधिकारियों के साथ मिलकर बिना पूर्व अनुमति के या ऋणदाता बैंकों को सूचित किए बिना अवैध रूप से मशीनरी और अन्य भागों को हटाकर बैंक के साथ 87.88 करोड़ रुपये (लगभग 121.13 करोड़ रुपये के ब्याज के साथ कुल राशि) की धोखाधड़ी की थी। ऐसी मशीनों, मोटरों आदि से हुई आय खाते में जमा नहीं की गई थी।

आरोपी ने अवैध रूप से मशीनरी के पुर्जे कबाड़ के रूप में बेचे और बिक्री को छिपाने के लिए नकली चालान की व्यवस्था की।

## नोटबंदी मामले में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल करने के लिए केंद्र ने मांगा और समय



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नोटबंदी मामले की सुनवाई 24 नवंबर तक के लिए टाल दी। दरअसल, केंद्र सरकार हलफनामा दाखिल करने में विफल रही, जिसे कोर्ट ने 'शर्मिंदा करने वाला ' करार दिया। 11 अक्टूबर को, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और आरबीआई से 2016 के नोटबंदी के फैसले पर हलफनामा दायर करने और आरबीआई को केंद्र के पत्र, आरबीआई बोर्ड के फैसले और नोटबंदी की घोषणा के संबंध में फाइलें तैयार रखने को कहा था।

न्यायमूर्ति एसए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, ए.एस. बोपन्ना, वी. रामसुब्रमण्यम, और बी.वी. नागरत्ना शामिल हैं, ने मामले को तब स्थगित कर दिया जब अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमनी ने हलफनामा दायर करने के लिए और समय की मांग की।

वेंकटरमनी ने हलफनामा तैयार नहीं कर पाने के लिए पीठ से माफी मांगी और एक सप्ताह का समय मांगा। पीठ ने कहा, आम तौर पर एक संविधान पीठ इस तरह कभी भी स्थगित नहीं होती है। हम कभी ऐसे नहीं उठते। यह कोर्ट के लिए भी बेहद शर्मनाक है। इस पर वेंकटरमणि ने कहा कि यह उनके लिए भी शर्मनाक है।

याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने कार्यवाही स्थगित करने की दलीलों के खिलाफ तर्क देते हुए कहा कि यह संविधान पीठ के समक्ष कभी भी स्वीकृत नहीं रहा है। याचिकाकर्ताओं में से एक का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि स्थगन के लिए एक संविधान पीठ से पूछना सामान्य बात नहीं है। याचिकाकर्ताओं के अन्य वकील ने कहा कि उन्हें बहस करने की अनुमति दी जानी चाहिए और आरबीआई और केंद्र सरकार हलफनामा दाखिल करने के लिए अपना समय ले सकती है। एक अन्य याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि यह स्थिति शर्मनाक है।

कार्यवाही को टालते हुए, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि सरकार और आरबीआई को एक सप्ताह के भीतर अपने हलफनामे प्रस्तुत करने होंगे।शीर्ष अदालत 500 और 1,000 रुपये के नोटों को प्रचलन से बाहर करने के केंद्र के 2016 के नोटबंदी के फैसले को चुनौती देने वाली 50 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

## दहेज में बाइक न मिलने पर पत्नी को फोन पर दिया तीन तलाक

**❑ दो वर्ष पूर्व नजमा का उसके गांव के युवक संग हुआ था निकाह**

**❑ निकाह से पूर्व युवक-युवती करते थे एक दूसरे से प्यार**

**कुशीनगर (आरएनएस)।** तकरीबन तीन वर्ष पूर्व मोदी सरकार द्वारा तीन तलाक के खिलाफ लाये गये कानून के बावजूद तीन तलाक की घटनाएं बंद होने का नाम नही ले रही है। ताजा मामला जनपद के नेबुआ-नौरंगिया थाना क्षेत्र के चितहा गांव का है। यहा एक युवक ससुराल से बाइक न मिलने से नाराज होकर अपनी पत्नी को फोन पर ही तीन तलाक दे दिया। तलाक के बाद पति घर से फरार बताया जा रहा है। पीड़ित महिला ने पति के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि पति के फरार होने के बाद ससुर ने अवैध संबंध बनाने की कोशिश की, वह किसी तरह उसके चंगुल से निकल अपनी आबरू बचाकर मायके पहुंची। घटना बीते बुधवार की बताई जा रही है।




22 वर्षीय पीड़िता नजमा की माने तो दो वर्ष पूर्व उसका गांव के युवक संग प्रेम निकाह हुआ था। निकाह से पूर्व में भी नजमा का युवक से मिलना जुलना था। एक माह पूर्व पति ने बाइक की मांग की। घरवालों की आर्थिक स्थिति का हवाला देकर जब नजमा ने असमर्थता जताई तो वह चरित्र पर गंभीर आरोप लगाते हुए तलाक की धमकी देने लगा। नजमा कहती है कि कुछ ही दिन बाद उसके पति ने दीवानी न्यायालय में वाद दाखिल कर मुझ पर तलाक के लिए दबाव बनाने लगा। इन्कार करने पर वह मारता-पीटता था। नजमा बताती है कि बीते बुधवार को पति घर से बाजार जाने की बात कह कर निकला और वापस नहीं आया। शाम को उसने फोन कर मुझसे तीन बार तलाक बोला और रिश्ता समाप्त करने की बात कही। इसकी सूचना जब उसने सुसराल वालों को दी तो वे भी उसकी तरफदारी करने लगे। इसके बाद ससुर ने अवैध संबंध बनाने की कोशिश की। किसी तरह वह भागकर महराजगंज जनपद स्थित अपने मायके पहुंची। पीडिता का आरोप है कि वह कई दिनों से थाने का चक्कर लगा रही है लेकिन उसकी फरियाद नही सुनी जा रही है एसएचओ अतुल श्रीवास्तव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर मामले में सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## कोलकाता में विभागीय कोष की हेराफेरी के आरोप में जीएसआई का शीर्ष अधिकारी गिरफ्तार

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने बुधवार को बताया कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के एक शीर्ष अधिकारी को विभागीय कोष की हेराफेरी के आरोप में कोलकाता में गिरफ्तार किया गया है। सब्यसाची साहा (51) को शहर के उत्तरी बाहरी इलाके केस्तोपुर में रवींद्र पल्ली स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया, हालांकि राज्य पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी की तारीख और समय के बारे में नहीं बताया।



सीआईडी सूत्रों के मुताबिक, अधिकारी साहा के खिलाफ विभागीय फंड में करीब एक करोड़ रुपये की हेराफेरी की शिकायतों की जांच कर रहे थे। जांच में पता चला कि ठगी गई रकम को आरोपी ने अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम से खोले गए खातों में भेज दिया।

पता चला है कि कुछ साल पहले साहा के खिलाफ विभागीय फंड आवंटन के आरोप लगाए गए थे, जिसके बाद उन्हें कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया गया था।

इस बीच, एक पुलिस स्टेशन में जीएसआई अधिकारियों द्वारा उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर के बाद सीआईडी ने मामले की जांच शुरू की थी।

राज्य के पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने उनसे इस मामले में कई बार पूछताछ भी की थी। अंतत: उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया क्योंकि वह विभिन्न चरणों में अपने पति या पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के बैंक खातों में हस्तांतरित धन के स्रोतों के बारे में संतोषजनक जवाब देने में असमर्थ थे।

सीआईडी सूत्रों ने कहा कि जीएसआई में शायद साहा अकेले नहीं थे जो घोटाले में शामिल थे, उनके अधिकारी अब उनके सहयोगियों को भी ट्रैक करने की कोशिश कर रहे हैं।

## आंध्र प्रदेश में ट्रेन पटरी से उतरी, नौ ट्रेनें रद्द



**विजयवाड़ा (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश में राजमुंदरी रेलवे स्टेशन के पास बुधवार तडक़े एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई, जिससे नौ ट्रेनें रद्द हो गईं। दक्षिण मध्य रेलवे, विजयवाड़ा मंडल के अधिकारियों के अनुसार राजमुंदरी यार्ड में मुख्य लाइन पर तडक़े करीब तीन बजे मालगाड़ी पटरी से उतर गई।

घटना के बाद, रेलवे अधिकारी एक ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही की अनुमति दे रहे थे। इसके चलते नौ ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। दो अन्य ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया और एक ट्रेन के समय में बदलाव किया गया।

विजयवाड़ा - विशाखापत्तनम, विशाखापत्तनम - विजयवाड़ा, गुंटूर - विशाखापत्तनम, विशाखापत्तनम - गुंटूर, विशाखापत्तनम - विजयवाड़ा, विजयवाड़ा - विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा - गुंटूर, गुंटूर - विजयवाड़ा और काकीनाडा पोर्ट - विजयवाड़ा को रद्द कर दिया गया है।

रेलवे अधिकारियों ने काकीनाडा शहर और विजयवाड़ा के बीच काकीनाडा पोर्ट - विजयवाड़ा ट्रेन को आंशिक रूप से रद्द करने की भी घोषणा की। विजयवाड़ा - राजमुंदरी ट्रेन को ताडेपल्लीगुडेम और राजमुंदरी के बीच आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया है। विजयवाड़ा - लिंगमपल्ली ट्रेन के समय में दो घंटे का बदलाव किया गया है।

## बागपत में शादीशुदा बहन और उसके प्रेमी की हत्या कर शवों को फेंका

**बागपत (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के बागपत में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। यहां रमाला के असारा गांव में झूठी आन के लिए एक भाई ने अपनी शादीशुदा बहन और उसके शादीशुदा प्रेमी की हत्या कर दोनों शवों को असारा और लूंब गांव के जंगलों में फेंक दिया। पुलिस ने महिला के भाई को साथ लेकर दोनों शवों को बरामद कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आनर किलिंग के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

### दोनों में चल रहा था प्रेम प्रसंग

असारा गांव की मेहजबीं का निकाह सात साल पहले शामली जनपद के गंगेरू गांव में शाजिद के साथ हुआ था। उसके तीन बच्चे हैं। निकाह से पहले ही महजबी का प्रेम प्रसंग असारा गांव के ही आरिफ से चल रहा था। आरिफ का भी निकाह हो चुका है, लेकिन दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चलता रहा। तीन माह पहले महजबी कांधला कस्बे में किराए पर कमरा लेकर रहने लगी थी। 22 अक्टूबर को महजबी अचानक गायब हो गई, जिसकी गुमशुदगी महजबी के भाई ने रमाला थाने पर आरिफ और उसके बहनोई के खिलाफ दर्ज कराई थी। उधर, आरिफ भी उसी समय से गायब चल रहा था।



### भाई को हिरासत में लिया तो पता चला

पुलिस ने शक होने पर महजबी के भाई मुसरलीन को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो महजबी के भाई ने पुलिस को अपनी बहन और उसके प्रेमी की हत्या कर शव फेंकने की पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने रात लगभग दो बजे महजबी के शव को असारा गांव के जंगल से बरामद कर लिया। महजबी के भाई की सूचना पर पुलिस आरिफ के शव की तलाश में शामली के नाला गांव के जंगल मे पहुंची, लेकिन कई घंटे बाद भी आरिफ का शव बरामद नहीं हुआ।

### पीट-पीटकर की गई हत्या

उधर, बुधवार की सुबह बागपत शामली जनपद के बार्डर पर लूंब गांव के जंगल में लोगों ने एक युवक का शव पड़ा देखा तो पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। मरने वाले युवक की पहचान असारा गांव के आरिफ के रूप में हुई है। वहीं छपरौली थाना प्रभारी नितिन पांडेय ने बताया कि आरिफ की पीट-पीटकर कर हत्या की गई है।

### पुलिस कर रही है पूछताछ

शव मिलने की जानकारी रमाला पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। रमाला थाना इंस्पेक्टर ने बताया कि मुरसलीन ने अपनी बहन महजबी को बहला फुसलाकर कर और धमकी देने का मुकदमा आरिफ और उसके बहनोई के खिलाफ थाने में दर्ज कराया था। महजबी के भाई मुसरलीन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।